हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

10 रामकथा मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देती है : प्रभुप्रिया



11 सुरीले गानों को पेशकर मुंबई के कलाकारों ने शहरवासियों ...





## खबर संक्षेप

### सुपेला में आज से शिवकथा प्रारम्भ

**अंवरी।** ग्राम सुपेला के नया बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से 23 से 29 दिसम्बर तक श्री शिव कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं. मनोज कृष्ण शास्त्री वृन्दावन धाम होंगे। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक है ।

### खम्हरिया में आयुष स्वास्थ्य मेला 23 को

**सांकरा/नगरी।** संचालनालय आयुष विभाग रायपुर एवं जिला आयुर्वेद विभाग धमतरी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला 23 दिसम्बर शनिवार को ग्राम पंचायत खम्हरिया में प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें वातरोग, गठिया वात, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, मासिक धर्म, अनियमितता, अर्श रोग, उदर रोग, चर्म रोग, पुराना श्वास, कास रोग, पथरी, ब्लड प्रेशर, लकवा, सिकलिन एवं अन्य गंभीर व्याधियों का इलाज आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से किया जाएगा। यह जानकारी गोपाल साहू ने दी है।

### मुल्ले में मड़ई 27 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुल्ले में 27 दिसंबर बुधवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी कुम्हारी चम्पारण की प्रस्तुति होगी।

### बिरेझर में जयंती मड़ई 28 को

**जीजामगांव।** सतनामी समाज बिरेझर के तत्वावधान में 28 दिसंबर गुरुवार को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि बुधारूराम गहिवारे, टकेश्वर गहिवारे, सुरेन्द्र लहरे, खेमन लहरे, नरेन्द्र बंजारे ने दी है।

### सांकरा में मड़ई 29 को



**नगरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सांकरा (चिवर्री) में 29 दिसम्बर शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। शीतला पुजारी कंशु राम मंडावी ने बताया कि देव-विग्रहों की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए ग्राम होच्चेटोला डोंगरगांव का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन की तैयारी में रामनाथ नागवंशी, रामाधीन नेताम, विष्णु कोटवार, तुलसी मरकाम, राजाराम मरकाम, विनायक नागवंशी, डेविड नेताम सहित अन्य ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### इर्रा में मड़ई मेला 31 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नए वर्ष के आगमन पर 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भुंईया के सिंगार ग्राम होचेटोला का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, महेश्वर साहू, सचिव शैलेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश नेताम, सरपंच कल्याण सिंह साहू, उपसरपंच डॉ अजय, पंच डॉ घनश्याम साहू, साहू समाज अध्यक्ष राम्हू साहू जुटे हुए हैं।

मरकाटोला, कल्ले, गट्टासिल्ली, छाती व नगरी मार्ग में हुए हादसे

# सड़क दुर्घटनाओं से भरा रहा शुक्रवार, 6 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले के लिए शुक्रवार सड़क हादसों का दिन रहा। महज पांच घंटे के भीतर जिला सहित आसपास के अलग-अलग स्थानों पर एक के बाद एक भीषण सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इन हादसों में जहां 6 लोगों की मौत हो गई है, वहीं दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह से लगातार सड़क दुर्घटना होने का सिलसिला शुरु हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। पहली सड़क दुर्घटना नेशनल हाईवे में चारामा रोड स्थित मरकाटोला घाटी में हुआ। जहां यात्रियों से भरी लग्जरी बस सड़क पर पलटे ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना की शुरुआत नेशनल हाईवे में गुरुवार से ही हो गई थी। जहां चारामा की ओर जा रहा ट्रक मरकाटोला के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया था।

शुक्रवार को महिंद्रा ट्रेव्हल्स की बस रायपुर से सवारी लेकर जगदलपुर के लिए निकली थी। धमतरी पहुंचने पर अन्य यात्रियों को बस में बिठाकर चारामा मार्ग पर आगे बढ़ रही थी। मरकाटोला के पास से गुजरते समय बस की स्पीड इतनी अधिक थी कि चालक को सड़क पर पहले से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक नजर नहीं आया। हाईस्पीड बस सीधे जाकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पीछे जा टकराई। इस टक्कर में बस के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। भीषण टक्कर से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इसी बस में बैठकर विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग निवासी संजय रक्टाटे चारामा ब्लाक के गीतपहर स्कूल के प्रधानपाठक डयूटी के लिए जा रहा था। भीषण टक्कर में उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं पंचमुखी हनुमान मंदिर रत्नाबांधा निवासी ललित साहू चारामा स्थित अपने आटो पार्टस की दुकान जा रहा था। घटना में उसकी भी मौत हो गई। इसी तरह कांकेर आरटीओ विभाग में डाटा एंट्री आपरेटर मेहंदी खान अभनपुर निवासी की भी मौत हो गई। सूचना पर गुरुर, पुरूर की पुलिस व बालोद एसपी घटनास्थल पहुंच गए। वहीं धमतरी से रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान, हेमंत प्रधान एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे। चारामा के बजरंग दल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। बस में सवार घायलों को उपचार के लिए चारामा अस्पताल, धमतरी जिला अस्पताल व गुप्ता नर्सिंग होम लाया गया। जिला अस्पताल में सतीश साहू 50 वर्ष सेमरा सी, राजेश पांडे 46 वर्ष रायपुर, भावना धमतरी, श्यामा यादव 34 वर्ष कोलर अभनपुर, जानकी यदु 60 वर्ष धमतरी को इलाज के लिए लाया गया। इनमें से कुछ घायल जिला अस्पताल में भर्ती है, वहीं कुछ घायलों को रिफर कर दिया गया। दर्जन भर से अधिक घायल यात्रियों का चारामा अस्पताल में उपचार किया गया।



मरकाटोला हादसे के बाद घायलों को बस से निकालते लोग।

### छाती में कंटेनर ने मारी ट्रक को टक्कर

तीसरा सड़क हादसा ग्राम छाती के पास हुआ। जहां नेशनल हाईवे में भारतमाला परियोजना में लगी कंटेनर क्रमांक एमपी 07 एचबी 7261 ने सामने जा रही ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक में बैठे खलासी की मौत हो गई है। घटना के बाद कंटेनर का चालक फरार हो गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### नगरी मार्ग में ट्रक, टेंकर व हाईवा में भिड़ंत

दिन की पांचवी घटना नगरी मार्ग में कुम्हड़ाइन देवी मंदिर के पास मोड़ में होने की खबर है। जहां ट्रक, टेंकर व हाईवा में भिड़ंत हुई है। इस हादसे में किसी के हताहत नहीं होने की जानकारी मिली है। तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### कंटेनर ने पिकअप को मारी टक्कर



शुक्रवार की सुबह ग्राम मोहलई की पिकअप क्रमांक सीजी 05 एके 6264 ग्राम बेलर से वापस लौट रही थी। इसी दौरान भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे सिक्सलेन सड़क के लिए राखड़ लेकर सामने से आ रही विशाल कंटेनर क्रमांक आरजे 05 जीबी 7691 ने पिकअप को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप में सवार शुभम नेताम पिता भगत 18 वर्ष ग्राम मोहलई थाना केरेगांव की मौके पर मौत हो गई। वहीं पिकअप चालक बनबगौद निवासी विशाल नेताम गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### पहिए में दबने से हाइवा ड्राइवर की मौत



**जीजामगांव।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सम्राट ढाबा कल्ले के पास 22 दिसंबर की सुबह करीब 8 बजे डस्ट से भरे खड़े हाइवे को बोतल से भरी कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें हाईवे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस चौकी बिरेझर के एएसआई जगदीश सोनवानी ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे रायपुर की ओर से आ रही कंटेनर क्रमांक आरजे 11 जीसी 0216 ने पंचर खड़े हाइवा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हाइवे का ड्राइवर दुर्घटना के समय पंचर बनाने के लिए जैक चढ़ा रहा था तभी कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर से हाइवे का ड्राइवर चक्के में दब गया। हाइवे में डस्ट भरा हुआ था जिसके चलते हाइवे के ड्राइवर की मौत हो गई साथ ही कंटेनर का ड्राइवर भी वाहन में बुरी तरह फंस गया था जिसे बड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। कंटेनर के ड्राइवर को भी गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल कुरूद लाया गया है।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश की शहर में निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- लोगों ने घरों से बाहर निकलकर आरती उतारी

श्रीराम जनमभूमि क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की शुक्रवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शाम 4 बजे मठमंदिर से पूजा पाठ कर विधि-विधान से निकली जो सदर बाजार, चमेली चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। यहां पूजा पाठ हुआ। शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। बैंडबाजे की धुन पर भक्ति संगीत में युवा थिरक रहे थे। प्रथम पंक्ति में रामभक्त भगवा ध्वज लहराते चल रहे थे। रास्तेभर आतिशबाजी हो रही थी। शोभा यात्रा में 16 अक्षत कलश शामिल थे जिसे महिलाओं ने सिर पर धारण किया था। रामभक्त जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। शहर के लोगों ने अपने घरों से बाहर निकलकर अक्षत कलश की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की। शोभा यात्रा में पुरूषों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

विदित हो कि अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है। इसका न्योता देने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश पूरे देश में भेजे गए हैं। इनमें पीले चावल रखे गए हैं। इसके बाद रामभक्त इन कलशों में रखे पीले चावल को लेकर प्रत्येक घरों में जाएंगे और वहां पर इस महोत्सव में भाग लेने के लिए लोगों को न्योता देंगे।

शोभायात्रा के दौरान सुबोध राठी, दिलीपराज सोनी, संत राजीव लोचनदास, लक्ष्मणराव मगर, राकेश साहू, योगेश गांधी, हनुवंश लाल, डीपेंद्र साहू, गौरव मगर, विरेंद्र साहू, विनय जैन, संदीप अग्रवाल, रामचंद्र देवांगन, बालगोपाल खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, प्रदीप मिराणी, लागूभाई मिराणी, ऋषि मिश्रा, जितेंद्र वर्मा, चंद्रकला पटेल, चित्रेश साहू, सरोज देवांगन, राहुल मेश्राम, मोहित साहू, डागेश्वर, प्रिंस जैन, कोमल सार्वा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त और नगरवासी शामिल थे।





जिला देवांगन समाज ने प्रेसवार्ता कर वास्तविक तथ्यों की दी जानकारी

# भटगांव में आरक्षित जमीन को निरस्त कराने का फैलाया जा रहा है भ्रम

- भूमि आबंटन विधि के नियमानुसार शासन के पास 6 लाख 37 हजार रूपये जमा किए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शुक्रवार को जिला देवांगन समाज ने ग्राम भटगांव में समाज के लिए आरक्षित भूमि एवं भवन निर्माण के संबंध में प्रेसवार्ता ली। दानीटोला वार्ड स्थित देवांगन समाज भवन में जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष भोलाराम देवांगन, महासचिव मोहित कुमार देवांगन ने कहा कि साल 2019 में ग्राम पंचायत भटगांव में देवांगन समाज, साहू समाज, सिन्हा समाज, यादव समाज तथा धोबी समाज ने सामाजिक कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराने आवेदन दिए थे। उक्त आवेदन पर सभी समाज को भूमि उपलब्ध कराई गई । पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 24 के आधार पर गांव में स्थित खसरा नंबर 653 का टुकड़ा दिए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। उक्त प्रस्ताव 4 अक्टूबर 2018 को ग्रामीणजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। ग्राम सभा में अनुमोदन के बाद समाज में सार्वजनिक कार्यों एवं विभिन्न आवश्यकताओं के लिए 3 से 5 एकड़ जमीन आबंटन का आवेदन तहसीलदार को प्रस्तुत किया गया। जिस पर न्यायालय ने सार्वजनिक इश्तहार समाचार पत्रों में प्रकाशन कर दावा आपत्ति मंगाई। भूमि आबंटन के सम्पूर्ण विचारण के दौरान किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होने पर भूमि आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर भूमि अध्यक्ष देवांगन समाज के नाम से आबंटित की गई। इसके लिए देवांगन समाज द्वारा शासन को प्रब्याजी की सम्पूर्ण राशि 6,37,652 रूपये जमा किया गया। विधिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद राज्य शासन की ओर से अध्यक्ष देवांगन समाज को आवासीय प्रयोजन के लिए 2 एकड़ भूमि प्रदत्त की गई। इसी जमीन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रूपये की घोषणा की। जनपद पंचायत धमतरी द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए सामुदायिक भवन बनाने का कार्यादेश ग्राम पंचायत भटगांव को दिया गया। जिस पर ग्राम पंचायत भटगांव द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

प्रेसवार्ता में मौजूद समाज के टोपेश्वर देवांगन, मनीलाल देवांगन, बसंत देवांगन ने बताया कि 19 दिसम्बर को ग्राम भटगांव के ग्रामीणों द्वारा गांव में सड़क जाम कर प्रदर्शन करने की खबर मीडिया के माध्यम से जिला देवांगन समाज को मिली। समाज के लिए आरक्षित एवं आबंटित भूमि को निरस्त करने तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सामुदायिक भवन बनाने 25 लाख की घोषणा की राशि आबंटन होने पर जनपद पंचायत ने 29 मार्च को भवन निर्माण का कार्यादेश जारी किया। भटगांव के कुछ विघ्नसंतोषी व्यक्तियों द्वारा भोले- भाले ग्रामीणों को बहकाकर तथा पंचों को अपना प्रभाव दिखाकर भवन बनाने का विरोध किया जाता रहा। ऐसी स्थिति में शासकीय एवं प्रशासकीय कार्य में दखल देने वाले व्यक्तियों को चिन्हांकित कर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग जिला देवांगन समाज ने की है। देवांगन समाज की छवि धूमिल करने वालों की समाज घोर निंदा करता है। सार्वजनिक हित में गांव में अमन चैन कायम रखना सभी का नैतिक दायित्व है।



जिपं सामान्य सभा की बैठक रही हंगामेदार, वन विभाग द्वारा गलत जानकारी देने पर बिफरे सदस्य

# केज कल्चर में करोड़ों की अनियमितता का मामला गूंजा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शुक्रवार को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। मत्स्य विभाग के केज कल्चर में 3.78 करोड़ के अनुदान में भारी अनियमितता की आवाज गूंजी वहीं वन विभाग द्वारा फारेस्ट जमीन की खुदाई के मामले में गलत जानकारी देने का मामला सामने आया है।

जिला पंचायत धमतरी सामान्य सभा का सम्मिलन शुक्रवार को हुआ जिसमें जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा का एजेन्डा रखा गया था। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव ने केज कल्चर में भारी अनियमितता का मुद्दा उठाया। केंद्र सरकार द्वारा संचालित मत्स्य संपदा योजना 2021-22 में तत्कालीन सहायक संचालक मछली पालन के कार्यकाल में 162 तथा 70 केज यूनिट लगाने के लिए 3.78 करोड़ रूपये का आबंटन मिला था, जिसे कमीशनखोरी के चलते 4 हितग्राही को 72 केज कल्चर की राशि 86.40 लाख तथा 9 हितग्राही को 162 केज कल्चर अनुदान राशि 291.60 लाख रूपये कमीशन लेकर बांटा गया। सम्मिलन में खूबलाल ध्रुव ने कहा कि गंगरेल जलाशय में योजना के अनुरूप केज नहीं लगे हैं जबकि सभी केज कागजों में पूर्ण होकर जेबें भर ली गई हैं। इस मामले में केंद्रीय जांच समिति का गठन हुआ। भ्रष्टाचार की गई राशि की रिकवरी और संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई करने मुख्य सचिव को निर्देशित किया गया था जिसमें सहायक संचालक मछली पालन को वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर अनुदान राशि वसूली करने का पत्र लिखा गया था। उच्च अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब तक कार्रवाई तथा रिकवरी अधर में लटकी हुई है। सहायक संचालक अब उपसंचालक पद पर पदोन्नत हो गये हैं। जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ने इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग जोर-शोर से उठाई।

बैठक में जिपं अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, जिपं सदस्य सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।





### गलत जानकारी देने का आरोप

जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी सामान्य सभा में वन विभाग द्वारा गलत जानकारी देने पर बिफर गए। फारेस्ट क्षेत्र में मुरूम, मिट्टी खनन को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टर, जेसीबी आदि वाहन एवं सामग्री जब्त कर थाने में खड़ी करने की जानकारी दी थी लेकिन वन विभाग द्वारा दी गई जानकारी गलत निकली। जहां वाहन को जब्त कर खड़ा करने बताया गया है, वहां कुछ नहीं है। संबंधितों से सांठगांठ कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया है। मनोज साक्षी ने इस मामले की जांच कर जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### वाद-विवाद प्रतियोगिता में सोमेश्वर अव्वल

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर में आयोजित अन्तर महाविद्यालयीन युवा उत्सव की वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी (गणित) भाग तीन के छात्र सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने 'महिला उत्पीड़न की रोकथाम सामाजिक जागरूकता से संभव है' विषय पर अपनी बात रखकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय से कुल 5 विधाओं में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने वाद-विवाद (पक्ष) में महाविद्यालय को विजय दिलवाई। प्राचार्य श्रीदेवी चौबे, पीबी पराडकर, पंकज जैन, डॉ. सीमा साहू सहित महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## निधन

### पुरानिकराम बंजारे



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी पुरानिकराम बंजारे 85 वर्ष का 20 दिसंबर बुधवार को निधन हो गया। वे शंकरलाल बंजारे, पूर्व सरपंच रामा बंजारे, बेनीराम, केसरू बंजारे के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### पुनीतराम साहू

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम डोमा निवासी पुनीतराम साहू 85 वर्ष का निधन हो गया। वे पंच जगेश्वर राम के पिताजी थे। अंतिम संस्कार ग्राम के श्मशान घाट में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्यजन शामिल हुए।

---

सांकरा में आज पूर्णाहुति व महाप्रसादी के साथ श्रीराम कथा का समापन

# रामकथा मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देती है : प्रभुप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम सांकरा में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आज पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी पश्चात शोभायात्रा के साथ समापन होगा। आज कथा के पहले सुबह 7 से 9 बजे तक हवन यज्ञ पूजा फिर 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रावण वध, रामराज्य तिलक के साथ कथा का विराम होगा। दोपहर 12 से 2 बजे तक महाप्रसादी का आयोजन होगा। राधे राधे सत्संग समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में उज्जैन से पधारी बाल विदुषी प्रभुप्रिया ने आठवें दिन भरत मिलाप सूर्पनखा का नासिका छेदन, खरदूषण वध, जानकी हरण, जटायु मरण तथा ऋषि मतंग के आश्रम में माता शबरी की कुटिया में प्रभु राम का लक्ष्मण के साथ प्रवेश आदि बहुत ही रोचक प्रसंग सुनाए।





कथा व्यासपीठ से उन्होंने कहा कि श्री रामकथा मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देती है। माता शबरी जिसके जन्म जन्मांतर की अभिलाषा थी कि वह प्रभु श्री राम के दर्शन के बाद अपनी देह का परित्याग करेगी और अपने गुरु ऋषि मतंग के परमधाम में उनके चरणों में स्थान प्राप्त करेगी। माता शबरी की अनुनय विनय पर प्रभु राम द्वारा उन्हें नवधा भक्ति का पाठ पढ़ाया गया और सर्वश्रेष्ठ भक्ति को संत समाज का सानिध्य बताते हुए कहा कि प्रथम भगति संतन कर संगा दूसरी रति मम कथा प्रसंगा और पूरे नौ भक्ति से श्रद्धालुओं को अवगत कराया।

इस दौरान राम जन्मभूमि अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश को कथा पंडाल दर्शन हेतु लाया गया था जिसका श्रद्धालुओं ने पूजन वंदन किया। कथा सुनने हजारों कथा प्रेमी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

### लोककला महोत्सव 6 से

**कोर्रा(भखारा)।** भारती जस झांकी मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम रामपुर में 6 एवं 7 जनवरी को लोक कला महोत्सव रखा गया है। इसमें जय छत्तीसगढ़ फाग मंडली बगदेही, आदर्श भाग मंडली पड़कीभाठ, जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली आमदी, पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव, जय सादोहर रावत बाबा नरसिंह नाथ जस झांकी परिवार अंडा, जय मां शीतला पुराण जस झांकी परिवार बेरला, भारत दर्शन जस झांकी परिवार बेमेतरा, जय मां संतोषी जस झांकी परिवार बालोद, ज्योति विद्या जस झांकी परिवार गरियाबंद, झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी, कोरबा कुबरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बालोद की प्रस्तुति होगी। मंडलियों के लिए विशेष पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी भारती जस झांकी मंडली रामपुर के अध्यक्ष टोडर राम साहू ने दी है।

---

## आदिवासी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की दशा सुधरेगी



- आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपा आदिवासी मोर्चा ने पीएम का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ में पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया गया है। लंबे अरसे से आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग की जा रही थी। अब जाकर यह मांग पूरी हुई है।

भाजपा आदिवासी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, महामंत्री रामखिलावन कंवर, शशिकान्त ध्रुव, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र नाग, प्रेम सलाम व उमेन्द्र दीवान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार मानते हुए विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा के शासनकाल में अब राम राज्य के साथ विष्णु राज आ गया है। श्री साय के नेतृत्व में राज्य का तेजी से विकास होगा। शिक्षा के क्षेत्र में विकास होगा। खासकर आदिवासी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की दशा सुधरेगी। किसानों की स्थिति में सुधार आयेगा। नहरों की सुविधा बढ़ाकर सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए। नशे पर रोक लगेगी। मजदूरों को भरपूर काम मिलगा। उन्हें काम की तलाश में पलायन न करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ की जनता सुखी होगी।

---

## नशा मुक्ति एवं नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

- सांस्कृतिक कार्यक्रम से छिपी प्रतिभा सामने आती है : अमृता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य महोदय डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में किया गया। नवचेतना जागरण शिविर अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग योग प्रशिक्षण से हिरेंद्र साहू द्वारा स्वयं सेवकों को राम ध्यान, सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया। तत्पश्चात सभी शिविरार्थियों को योग की दीक्षा दी गई। श्रीराम गौशाला परिसर की साफ-सफाई की गई। शिविर के षष्टम दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के श्रीमती अमृता देवांगन सरपंच थीं। अध्यक्षता अतिथि ठाकुर राम ध्रुव अध्यक्ष गौठान समिति ने की। विशिष्ट अतिथि रोहित साहू अध्यक्ष श्रीराम गौशाला समिति सिलीडीह, चंदूलाल ध्रुव उपसरपंच, शोभाराम यादव अध्यक्ष हाई स्कूल प्रबंधन समिति, पेखन लाल देवांगन पंच, श्रीमती सावित्री बाई ध्रुव, श्रीमती यशोदा देवांगन, कुलेश्वर देवांगन, श्रीमती मंटोरा निषाद सहित महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक हिंदी डॉ. कविता वैष्णव, डॉ. अविनाश आर निचत सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान, दिनेश कुमार नाग सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, रामकिशोर यादव सहायक प्राध्यापक राजनीति, लोकेन्द्र सुधाकर लाइब्रेरियन, हरविंदर सिंह कुर्रे सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र थे।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती अमृता देवांगन ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से छिपी प्रतिभा सामने आती है। ठाकुरराम ध्रुव ने रासेयो का उद्देश्य बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत स्वयंसेवकों ने सामूहिक नृत्य,पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, एकल नृत्य, एकल गीत, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नशा मुक्ति एवं नारी सशक्तिकरण विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक किया। गीतेन्द्र साहू ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक चेतनानंद ने किया।

---

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का 23 जनवरी को समापन

**मगरलोड।** केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड में 16 जनवरी से शुरू हुई है। 23 जनवरी 2024 को इसका समापन होगा। संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में पहुंच रही है। 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे चंदना, चमसूर, 2 बजे नवागांव बु., 25 दिसंबर को 11 बजे खैरझिटी, 2 बजे बेलौदी हरदी, 26 दिसंबर को खिसोरा, 2 बजे हसदा, 27 दिसंबर को डुमरपाली, 2 बजे नवागांव धौ., 28 दिसंबर को 11 बजे मोहरेंगा, परेवाडीह, 2 बजे भेंड्री, बुडेनी, 29 दिसंबर को 11 बजे धौराभाठा नवा., 2 बजे कपालफोड़ी, 30 दिसंबर को 11 बजे शुक्लाभाठा, 2 बजे गाड़ाडीह, अमलीडीह, 2 जनवरी 2024 को 11 बजे कुल्हाड़ीकोट, 2 बजे परसाबुड़ा, 3 जनवरी को 11 बजे कोरगांव, 2 बजे दूधवारा, 4 जनवरी को 11 बजे बेलरदोना, 2 बजे मड़ेली, 5 जनवरी को 11 बजे भरदा, 2 बजे भैंसमुडी मगरलोड, 6 जनवरी को 11 बजे मोहंदी, 2 बजे बेलोरा, सोनपैरी, 8 जनवरी को 11 बजे राजपुर, 2 बजे सोनेवारा, सरगी, 9 जनवरी को 11 बजे पंहदा, 2 बजे भोथा, लड़ेर, 10 जनवरी को 11 बजे झाझरकेरा, 2 बजे बोरसी, 11 जनवरी को 11 बजे बिरझुली, 2 बजे मुड़केरा, 12 जनवरी को 11 बजे सोनझरी, 2 बजे केकराखोली, 14 जनवरी को 11 बजे भंडारवाडी, 2 बजे सिंगपुर, 16 जनवरी को 11 बजे खंडमा, 2 बजे पठार, 19 जनवरी को 11 बजे मारागांव, 2 बजे बोईरगांव, 22 जनवरी को 11 बजे मोहेरा, 23 जनवरी को 11 बजे गिरौद, 2 बजे मेघा, अरौद में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

21 से 23 दिसंबर तक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी केएस नरेठी नोडल अधिकारी, 24 से 27 दिसंबर तक ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनुविभागीय अधिकारी संजय चंद्राकर, 28 से 2 जनवरी तक पशु चिकित्सा अधिकारी भुजेंद्र सोनी, 3 से 5 जनवरी तक आंगनबाड़ी परियोजना अधिकारी छाया वर्मा, 6 से 10 जनवरी तक उप अभियंता प्रदीप सिन्हा, 11 से 14 जनवरी तक उप अभियंता सरोज साहू, 16 से 22 जनवरी तक उप अभियंता बसंत नावेलकर, अंतिम दिवस 23 जनवरी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव नोडल अधिकारी होंगे।

---

## शिविर में 65 लोगों की सेहत जांची गई



हरिभूमि न्यूज ⏭बोरसी(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी के सात दिवसीय विशेष शिविर देवगांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरसी की स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्राम देवगांव में 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 15 लोगों की बीपी जांच की गई। 7 लोगों का शुगर परीक्षण किया गया। 2 लोगों को खाज खुजली की दवाई दी गई और 12 लोगों को सर्दी जुकाम संबंधित दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का सहयोग सरहानीय रहा। बौद्धिक चर्चा में डॉ हिरेंद्र कंवर एवं रितेश्वरी ध्रुव द्वारा मौसम संबंधित विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। बताया कि खान-पान एवं जीवन शैली में परिवर्तन कर इन रोगों से बचा जा सकता है। हमारा जीवन नशा से मुक्त होना चाहिए। बीड़ी, सिगरेट, धूम्रपान ,शराब आदि के कारण ही लोग रोगों से ग्रसित होते है। स्वस्थ जीवन के लिए नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एसके ध्रुव, तारा ध्रुव, बी. कवर, सुश्री एम. ध्रुवे, लोमस चक्रधारी, पुरुषोत्तम कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी एके सेन सहित स्वयंसेवक व ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## अनुशासित स्वयंसेवक के रूप में बनाएं अपनी पहचान : कोसरे

- पचपेड़ी स्कूल की रासेयो इकाई ने भेलवाकूदा में लगाया सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन 22 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कन्हैयालाल सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत गाड़ाडीह (आर), विशिष्ट अतिथि पंपा बाई साहू उपसरपंच गाड़ाडीह ,फत्तेराम महार सरपंच पचपेड़ी, जगदीश राम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पचपेड़ी, आरके साहू प्रधानपाठक इर्रा, चंदूराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, योगेंद्र साहू अध्यक्ष माध्यमिक शाला भेलवाकूदा, हिरेंद्र साहू कुमार साहू अध्यक्ष प्राथमिक शाला भेलवाकूदा, अश्वनी साहू ग्राम पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र कोसरे प्राचार्य शाउमावि पचपेड़ी ने की कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू ने शिविर का उद्देश्य बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कन्हैयालाल सिन्हा ने कहा कि छात्रों में सामुदायिक सहभागिता को विकसित करने के लिए विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अवसर प्रदान किया जाता है। प्राचार्य रविंद्र कोसरे ने सभी स्वयंसेवकों को एक अच्छे और अनुशासित स्वयंसेवक के रूप में अपनी पहचान बनाते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही।

मौके पर डॉ मोहित साहू, बोधीराम नेताम, तरुण जैन, हुबलाल, संतोष साहू, मंशाराम मंडावी, गीतेश साहू, प्रकाश साहू, भारतराम साहू, रामगोपाल सोरी, शाउमावि पचपेड़ी के व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, बसंत साहू, कमलेश कंवर, हरिश्चंद्र पटेल सहायक कार्यक्रम अधिकारी, मिथिलेश सिन्हा, जानकी वर्मा, सुरेश निषाद एवं उमेश शर्मा उपस्थित थे।

---

### स्वयंसेवकों के कठिन कार्य की सराहना की

- लिमतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन, प्रो. निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रो. आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस की मुख्य अतिथि डॉ श्रीदेवी चौबे प्राचार्य थीं। अध्यक्षता श्रीमती फगेश्वरी साहू ने की। प्रो. आकांक्षा मरकाम ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन पढ़ा। डॉ श्रीदेवी चौबे ने स्वयंसेवकों के कठिन कार्य की सराहना की। डॉ मनदीप खालसा ने स्वयंसेवक को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिये प्रोत्साहित किया। श्रीमती फगेश्वरी साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वयंसेवकों को मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र साहू एवं प्रो. निरंजन कुमार ने आभार

---

## छिपली स्कूल के छात्रों को दी पाक्सो एक्ट की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- अनुशासित एवं अपराधमुक्त जीवन पर हुई संगोष्ठी

पुलिस प्रशासन नगरी द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला छिपली में अनुशासित एवं अपराधमुक्त जीवन पर संगोष्ठी रखी गई। बच्चों को शाला में अनुशासित रहने की समझाईश दी गई। बाल अपराध व उससे संबंधित धाराओं एवं पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी सहायक उप निरीक्षक मोहनलाल निषाद, आरक्षक आरती ध्रुव, आरक्षक श्रीमती आरती पैकरा द्वारा दी गई। कार्यक्रम में बीआरसी नगरी रामूलाल साहू, शाला की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मुक्तेश्वरी सोम, संकुल समन्वयक उमेश सोम, शिक्षक देवकांत गजपाल श्रीमती इंदिरा बनपेला, श्रीमती पूनम गायकवाड़, हरिशंकर कुर्रे एवं ग्राम के पूर्व सरपंच गणेश राम नागरची, ग्राम समिति अध्यक्ष त्रिभुवन बिसेन, ग्राम पटेल मनहरण लाल साहू, दुलेश्वर, नवरंग शाला समिति अध्यक्ष योगेंद्र भट्ट उपस्थित थे।

---

सिहाद में चल रहा है श्रीमद भागवत महापुराण

# भक्त ध्रुव की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता






हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम सिहाद में स्व. छबिलाल साहू की स्मृति में साहू परिवार द्वारा संगीतमय भागवत महापुराण का आयोजन 19 से 27 दिसम्बर तक किया गया है। कथावाचक पं भूषण उपाध्याय ने तीसरे दिन की कथा में भक्तराज ध्रुव की कथा के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति और दृढ़ संकल्प को विस्तार से समझाया। ध्रुव चरित्र की कहानी सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए और संकल्प और विश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सीख ली।

कथावाचक ने कहा कि राजा उत्तानपाद की सुनीति और सुरुचि दो भार्या थी। सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र हुए। सुनीति बड़ी रानी थी, पर राजा उत्तानपाद का प्रेम सुरुचि के प्रति अधिक था। एक बार राजा उत्तानपाद ध्रुव को गोद में लिए बैठे थे, तभी छोटी रानी सुरुचि वहां आई। अपनी सौत के पुत्र ध्रुव को राजा की गोद में बैठे देखकर उसे ईर्ष्या हुई। झपटकर उसने ध्रुव को राजा की गोद से खींच लिया और अपने पुत्र उत्तम को उनकी गोद में बिठाते हुए कहा कि राजा की गोद में वही बालक बैठ सकता है, जो मेरी कोख से उत्पन्न हुआ है।

इस अवसर पर लीला बाई साहू, भागवत प्रसाद साहू, तोषण कुमार, अश्वनी साहू, खेमन साहू, ममता साहू, उत्तरा साहू, राधा बाई, संगीता सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध



आपके शहर धमतरी में
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
प्रख्यात चिकित्सक व्दारा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ



पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
29 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### सरबदा में मड़ई 7 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सरबदा में 7 जनवरी रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा सोन के मुंदरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच चैतन्य गिरी गोस्वामी, अध्यक्ष पूनमचंद साहू, मोहनलाल, मेवालाल, बानू सेन, शेखू राम, दिनेश, भगवती, रामसुंदर, पारस यादव, टीकू यादव सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### जिले के किसानों को होगा लंबित बोनस का भुगतान

- वर्ष 2014-15 के 72161 एवं 2015-16 के 68384 किसानों को मिलेगी राशि

**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय के बाद धमतरी जिले के किसानों को 25 दिसंबर को वर्ष 2014-15 के 72161 एवं 2015-16 के 68384 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की लंबित बोनस राशि का भुगतान किया जाएगा। खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014-15 में धान बेचने वाले कुल 72161 किसानों से 3394192.70 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 10182.58 लाख रूपये है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015-16 में धान बेचने वाले कुल 68384 किसानों से 3212563 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। जिसकी बोनस राशि 9637.69 लाख रूपये का भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण-पत्र का वितरण किया जाएगा। किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया जाएगा।

सोशल मीडिया में हो रही है कई तरह की चर्चा

# चंद्राकर को मंत्री नहीं बनाने से समर्थक हुए मायूस

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर को जगह नहीं मिल पाने से उनके समर्थकों और करीबियों में मायूसी छा गई है। अजय के समर्थक उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिलने की आस लगाए बैठे थे लेकिन उनके साथ हुए सियासी व्यवहार से कुरूद समेत धमतरी जिले के लोग आहत हैं। गुरुवार को देर शाम जारी विष्णुदेव साय के मंत्रियों के नामों की सूची में लगातार तीसरी बार व अब तक पांच बार के विधायक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का नाम शामिल नहीं किये जाने से कुरूद सहित जिले के भाजपाइयों को मायूसी हुई है। कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों ने तो सोशल मीडिया के जरिये अनेक कमेंट कर इसे श्री चंद्राकर के साथ अन्याय बताया। किसी ने लिखा कि कुरुद की जनता शीर्ष नेतृत्व के फैसले से ठगा महसूस कर रही है तो एक समर्थक ने लिखा कि लगातार पांच साल बघेल सरकार की नाक में दम करने वाले योग्य व्यक्ति को मंत्रिमंडल में जगह न देना अन्याय है। एक व्यक्ति ने तो यहां तक लिखा कि अब प्रदेश भाजपा भी कांग्रेस की राह पर चल पड़ी है। यहां योग्य व्यक्ति को दरकिनार कर हर फैसले केंद्र में बैठे लोगों के ऊपर निर्भर रहकर लिया जा रहा है। पहले कांग्रेस पर भाजपा आरोप लगाती थी कि यहां की सरकार दिल्ली के रिमोट से कंट्रोल होती है तो क्या अब भाजपा की सरकार भी दिल्ली से कंट्रोल होगी। इसकी जानकारी जब विधायक चंद्राकर को हुई तो उन्होंने देर रात सोशल मीडिया में कमेंट कर सबसे अनर्गल पोस्ट नहीं करने का निवेदन किया।

### पूरे जिले के भाजपाई कर रहे ठगा महसूस

गौरतलब है कि कुरूद विधानसभा में विकास पुरुष के नाम से विख्यात अजय चंद्राकर ने निर्वतमान कांग्रेस सरकार को अनेक मुद्दों में घेरकर बीते पांच साल भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाया था। प्रेस कांफ्रेंस में भी वे अकेले वक्ता होते थे जो कांग्रेस को किसी भी मुद्दे में बहस के लिए खुली चुनौती देते थे। उनके तेजतर्रार अंदाज, हाजिर जवाबी और प्रखरता ने बघेल सरकार की नाक में दमकर रखा था। बड़े बड़े मुद्दों को आकड़ों के साथ उजागर कर जनता को रूबरू करवाते रहे। चंद्राकर का यह तेजतर्रार अंदाज सिर्फ बातों तक नहीं, पेज टू पेज अध्ययन, आंकड़ों की पकड़ और कायदे की जानकारी के आधार पर रहा। जिसके आधार पर उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिलनी चाहिए ऐसी उम्मीद लोगों की थी पर पूरे महासमुंद संसदीय क्षेत्र से किसी को भी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है जिससे पूरे धमतरी जलि के भाजपाई ठगा महसूस कर रहे हैं।

### पार्टी में मेरे जैसे लाखों योग्य कार्यकर्ता हैं : अजय



जब सोशल मीडिया में विधायक चंद्राकर के समर्थक भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति नाराजगी में कमेंट कर रहे थे तब देर रात अजय चंद्राकर ने अपने समर्थकों को शांत कराते हुए लिखा कि पार्टी में मेरे जैसे लाखों योग्य कार्यकर्ता हैं जिनके योगदान से पार्टी बनी है। आप लोग इधर उधर न सोचें न लिखें। आप सबसे विनम्र प्रार्थना है। वहीं नये मंत्रिमंडल के गठन को लेकर श्री चंद्राकर ने पत्रकारों से कहा है कि इससे बेहतर कैबिनेट हो नहीं सकता। बहुत अच्छा निर्णय है, सभी अच्छा काम करेंगे। कभी हम भी नये थे, इसलिए नया कहने की जरूरत नहीं है। पुराने अनुभवी नेताओं के साथ मिलकर सभी अच्छा काम करेंगे।

## गर्ल्स स्कूल में गणित दिवस मनाया गया



**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। गणित दिवस पर शाला के गणित शिक्षक जियाउद्दीन मुगल ने प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन परिचय और उल्लेखनीय कार्यों से छात्रों को अवगत कराया। विभिन्न भारतीय गणितज्ञों के कार्यों के संदर्भ में छात्रों से चर्चा परिचर्चा हुई। सभी छात्र-छात्राओं को गणित की दैनिक जीवन में उपयोगिता बताई गई। इसके बाद गणित विज्ञान क्लब द्वारा गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 90 छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा नवमीं की छात्रा उमादेवी पिता खेमन लाल ध्रुव तथा द्वितीय स्थान पर हिना पिता धनाजी राम और यशोदा पिता महेश्वर रहीं।

## कुरूद महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में प्राचार्य डॉ.डी.के.राठौर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन छग विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के सहयोग से किया गया। इस वर्ष गणित दिवस आयोजन का विषय 'मैथ्स फार एवरीवन' था।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पं. श्यामाचरण शुक्ल शासकीय महाविद्यालय धरसींवा की सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि देवांगन थीं। प्राचार्य डॉ. डी.के.राठौर ने सामान्य जीवन में गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। गणित-भौतिकशास्त्र के विभागाध्यक्ष कृपा राम साहू ने प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी क्षेत्र में गणित के महत्व को बताया। मुख्य वक्ता डॉ. निधि देवांगन ने महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन परिचय व गणित के क्षेत्र में उनके योगदान पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अन्य क्षेत्र जैसे जीव विज्ञान, संगीत, खेल आदि में गणित के महत्व को बताया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में एस्ट्रोनामिकल टेलीस्कोप द्वारा स्काई गेजिंग का आयोजन मोरध्वज सिंह ठाकुर, व्याख्याता, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय गरियाबंद की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हितनारायण टण्डन विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र एवं कौस्तुभ तिवारी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने किया। आभार प्रकट एमएस साहू विभागाध्यक्ष भूगोल ने किया। इस अवसर पर डॉ. एनके मेश्राम, डॉ.आरके पाण्डेय, श्रीमती सरस्वती घृतलहरे व अन्य सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बठेना वार्ड में गायत्री महायज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिला मण्डल द्वारा बठेना वार्ड में दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में जिला महिला प्रमुख श्रीमती खिलेश्वरी किरण, जिला समन्वयक दिलीप नाग, श्रीमती शकुन कश्यप, प्रतिभा चन्द्राकार, माया देवी साहू, रेवती साहू, सरिता सिन्हा, रेखासिंह, धनेश्वरी साहू, गीता साहू, पुष्पा सिन्हा, त्रिभुवन साहू, सालिक राम चन्द्राकार, गजानंद साहू, डॉ रामचंद्र मेश्राम, लक्ष्मण यादव, पुरुषोत्तम निर्मलकर, पद्मिनी साहू, गीता साहू, नमिता देवांगन, लक्ष्मी साहू, यशोदा साहू, प्रमिला साहू उपस्थित थे।

## भोथीडीह पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को हितग्राही तक सीधे पहुंचने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 16 दिसंबर से हुई। इसी कड़ी में 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत भोथीडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर संपन्न हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीखम सेन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, भाजपा मंडल महामंत्री एवन साहू, सरपंच राधिका सिन्हा सम्मिलित हुए।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

## कंडेल कॉलेज की डांस टीम ने करमा नृत्य कर दर्शकों का दिल जीता



- रायपुर में हुई अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव चयन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के ऑडिटोरियम में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। कंडेल कॉलेज की डांस टीम ने आकर्षक करमा नृत्य कर ऑडिटोरियम में उपस्थित दर्शकों का दिल जीता एवं खूब तालियां बटोरी। रंगोली स्पर्धा में वंशिका श्रीवास्तव ने सहभागिता दर्ज की। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में पायल निर्मलकर ने आकर्षक पोस्टर बनाकर निर्णायकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। वाद-विवाद स्पर्धा में इस सदन की राय में महिला उत्पीड़न की रोकथाम सामाजिक जागरूकता से संभव है, विषय पर अंजलि तारक और हरिश्चंद्र साहू ने विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया एवं अपनी बेबाक वाकशैली से ज्वलंत मुद्दे पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

युवा उत्सव प्रभारी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण सिन्हा बताया कि म्यूजिक डांस, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, थिएटर और फाइन आर्ट्स जैसी अलग-अलग विधाओं में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागी भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्राचार्य रविश दास, सहायक प्राध्यापक पीतांबर सिन्हा, संजय पवार, नूतन दीवान, कमलेश दीवान, लक्ष्मण सेन, डॉ संगीता गोयल, डॉ ऋचा शुक्ला, बसंत साहू, मानू नारायण सारथी एवं झरना साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## यूथ हॉस्टल्स ने मांदागिरि के दुर्गम घने जंगल में की ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया धमतरी इकाई द्वारा सीतानदी अभयारण्य क्षेत्र गौतम ऋषि पर्वत मांदागिरी में एक दिवसीय ट्रैकिंग सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 46 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

संस्था के चेयरमेन योगेश गुप्ता ने बताया कि गौतम ऋषि पर्वत घने जंगलों के बीच अत्यन्त दुर्गम एवं रोमांचक स्थान है। बस्ती से लगभग 25 किमी अन्दर घनघोर जंगल में पहुंचना आसान नहीं है। प्रेसीडेंट हुकुमचंद जैन ने बताया कि शहरी कोलाहल और प्रदूषण से मुक्त यह स्थान आकर्षक है। पेड़ पौधों से आच्छादित गौतम ऋषि पर्वत में ट्रैक करना सदस्यों के लिए कल्पनातीत रहा।

एसपीसी रमेश देव के अनुसार यह धमतरी इकाई का महत्वाकांक्षी आयोजन था। धनंजय सोनकर ने बताया कि सभी आयु वर्ग के लोग यहां ट्रैकिंग कर बहुत खुश हुए। पर्वत शिखर से चारों ओर का प्राकृतिक दृश्य अत्यन्त मनमोहक है। सदस्यों ने खल्लारी माता मन्दिर के भी दर्शन किये। इस आयोजन में भिलाई इकाई सचिव सुबोध देवांगन सहित आठ सदस्य भी सहभागी रहे। इस अवसर पर मनीष चन्द्राकर, सुबोध महावर, सुषमा नन्दा, काजल मुंजवानी, लक्ष्मी देवांगन, ओम कुमारी देवांगन, रमेश मिन्नी, नरेन्द्र गोलछा, कमलेश कोठारी, अरविंद दोशी, राकेश महावर, प्रतिभा महावर, डा. प्रशांत गुप्ता, शिखा गुप्ता, राहुल गुप्ता, मोहन सुखरामानी, आकाश चंद्राकर, संतोष मोटवानी, आकाश रामानी, प्रसन्न नायडू, सत्यजीत रणसिंह, अंशुल अग्रवाल, दीपक देवांगन, परविंदर खालसा, नवीन साहू, दीपमाला साहू, मनोज लखवानी, रजनी लखवानी, सुनील कुमकुम लालवानी, रवि कृष्नानी, त्रिलोक चन्द्राकर, एआर चन्द्राकर, हरदेवसिंह गिल, सतानन्द तिवारी, किशोर छबलानी, करणसिंह पानेसर मौजूद थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645


मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप

### मुल्ले में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 से



**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम मुल्ले में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 दिसम्बर को किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में सतनामी समाज एवं ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### कल्ले में गुरु घासीदास जयंती 24 को

**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कल्ले में 24 दिसम्बर को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तारिणी नीलम चंद्राकर सभापति जिला पंचायत धमतरी एवं प्रवीण मोरखे सरपंच मुल्ले होंगे। रात्रि में सुनता के फुलवारी नाचा पार्टी ग्राम बागी कवर्धा की प्रस्तुति होगी।

### मगरलोड में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 को

**मगरलोड।** जय सतनाम युवा समिति मगरलोड द्वारा दो दिवसीय राज्यस्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 से 26 दिसंबर तक रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपये एवं पंचम पुरस्कार 1001 रूपये हं। इसके अलावा गायन, मांदर वादक, झांकी, नृत्य, अनुशासन में 501 रूपये का आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 101 रूपये है। प्रत्येक पंथी पार्टी को सांत्वना पुरस्कार 1001 रूपये एवं प्रमाण- पत्र दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में समिति अध्यक्ष कमलेश बंजारे, उपाध्यक्ष गैंदलाल कोसले, संचालक भोलाराम कुर्रे, चंद्रहास बघेल तथा सामाजिकजन जुटे हुए हैं।

अंतरा कला परिषद एवं भारतीय जैन संगठना द्वारा भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन

# सुरीले गानों को पेशकर मुंबई के कलाकारों ने शहरवासियों का जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





अंतरा कला परिषद एवं भारतीय जैन संगठना महिला शाखा की ओर से गुरूवार की रात विमल टाकिज में भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रात्रि 8.30 बजे प्रारंभ हुआ जो रात्रि 11.30 बजे तक चला। मुंबई से एक संगीत संध्या बैंड के टीम लीडर शशांक कल्याणकर अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। गणेश वंदना की शुरूआत नाचिकेत देसाई ने की, जो मशहूर संगीतकार बसंत देसाई के पोते हैं। टीम ने पुरानी फिल्मों के गानों को पेशकर खूब तालियां बटोरी। कड़ाके की ठंड में भी विमल टाकिज का हाल लोगों से खचाखच भरा हुआ था। 15 सदस्यीय टीम में गायक समीर विजय कुमार, नाचिकेत देसाई, प्रीति निमकर, मनीषा जंबोर्डकर थे। मंच संचालन आरजे अमित मुंबई ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में अंतरा कला परिषद की अध्यक्ष डॉ. श्रीदेवी चौबे के नेतृत्व में दिव्यांगों को सहायता राशि एवं सामग्री भेंट की गई। सहयोगी के रूप में भारतीय जैन संगठना महिला शाखा काम कर रही थी। दोनों के संयुक्त प्रयास से 60 दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान की गई। इसके पश्चात सुमधुर गानों की प्रस्तुति हुई जिसमें नाचिकेत देसाई ने सुर निरागास हो, आने वाला पल, ऐ जिंदगी गले लगा ले, वंदेमातरम जैसे गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी तरह प्रीति निमकर जोशी ने सोलह बरस की, रात का समां, निगाहें मिलाने को जैसे गाने की प्रस्तुति देकर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। गायक समीर विजय कुमार ने का करू सजनी, सुरमीय अंखियों में जैसे गाने गाए। मनीषा जंबोर्डकर ने लंबी जुदाई, वन टू च च च, प्यार करने वाले, अफसाना लिख रही हूं, मोरीन बाग म जैसे गाने की प्रस्तुति देकर लोगों को कुर्सी पर जमे रहने मजबूर कर दिया। इसी तरह अन्य गायकों ने दिल पुकारे आ रे, जीवन में पिया तेरा, पर्वत के उस पार, याद किया दिल से, प्यार हुआ इजहार हुआ, चुनरी संभाल, होठों में ऐसी बात, ओ गाड़ी वाले गाने गाए। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती श्रीदेवी चौबे, प्रदीप साहू, अजय नामदेव, आकाश गिरी गोस्वामी, सविता छांटा, सूर्या लुंकड़, शांतिलाल लुंकड़, पीवी पराडकर, डॉ. चंद्रशेखर चौबे, डॉ. उमेश लोहाना, डॉ. विजय रावत, डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. अनंत दीक्षित, डॉ. एनपी गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं : रंजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय बठेना वार्ड में श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया है। भगवताचार्य सूर्यकांत शास्त्री अपने श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं भगवान विष्णु के अवतारों का वर्णन व विभिन्न कथाओं का वर्णन कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने भी व्यासपीठ पर विराजमान भगवताचार्य से आशीर्वाद लेकर भगवान की कथाओं का श्रवण किया। महाराज ने वामन अवतार कथा, नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने के बाद श्रीमती साहू ने श्रोतागणों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा पुराण में सभी ग्रंथों का सार है और यही एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें भगवान की सभी लीलाओं का वर्णन किया है। इनके श्रवण करने से मन का संशय दूर होता है। शांति एवं मुक्ति मिलती है। सद्गुरु की पहचान कर उनका अनुकरण करना चाहिए। रंजना साहू ने आगे कहा कि भगवान सत्य स्वरूप है। भागवत भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तत्व से समाहित है। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। कथा का श्रवण करने ममता सिन्हा, तोषण साहू, रुक्मणि गोस्वामी, दुर्गा सेन, रोहिणी सिन्हा, मीना चंद्राकर, चम्पा चंद्राकर, सरिता गोस्वामी, तीज बाई ध्रुव, शारदा सिन्हा, उमा साहू, दुर्गा जैन सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## कौही में नारायण देव की मूर्ति स्थापना आज

- कल युवक-युवती परिचय सम्मेलन व समाज की प्रतिभाओं का होगा सम्मान
- महार-महरा समाज के दो दिवसीय महा अधिवेशन में शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, रमन सिंह शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





छग महार-महरा झरिया समाज पंजीकृत शाखा एवं श्री देवजी युवा मंच के तत्वावधान में महाधिवेशन, नारायण देव मूर्ति स्थापना, प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रानीतराई देवस्थल (कौही) में किया जायेगा। 23 दिसंबर शनिवार को नवनिर्माण मंदिर में इष्ट देव नारायण देव की मूर्ति स्थापना, पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता खिलावन चोपडिया प्रांतीय अध्यक्ष महार-महरा झरिया शाखा करेंगे। विशिष्ट अतिथि अशोक साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष होंगे।

24 दिसंबर रविवार को प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन व समाज के विभिन्न क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रही प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष छग होंगे। अध्यक्षता खिलावन चोपडिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में श्री देवजी युवा मंच के संरक्षक हरिकिशन पावरिया, सहसंरक्षक सोमेश मेश्राम समेत समाजजन जुटे हैं।

## बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा



**धमतरी।** शौर्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बजरंग दल ने शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर रामबाग, गणेश चौक, चमेली चौक, सदरबाजार, मठमंदिर चौक, गोलबाजार, बालक चौक होते हुए घड़ी चौक पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम हुआ। शौर्य यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। मार्ग में बजरंगियों ने अखाड़ा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल, रामचंद देवांगन, डाकेश्वर साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

नवनिर्वाचित विधायक ने नगर में निकाली आभार रैली

## जनता के साथ मिलकर देंगे विकास को गति : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




धमतरी विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक ओंकार साहू ने जीत दर्ज करने के बाद शहर में आभार रैली निकाली। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आभार रैली की शुरुआत हुई। आभार रैली राजीव भवन से प्रारंभ होकर, शिव चौक, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक से सदर बाजार होते हुए कांग्रेस कार्यालय में समाप्त हुई। राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम में पूरे विधानसभा में बूथ स्तर पर सर्वाधिक मत प्रतिशत से विजय दिलाने वाले प्रथम दस बूथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। प्रथम तीन स्थान में क्रमशः ग्राम छाती, बागोडार-जोगीडीह, परेवाडीह की बूथ कांग्रेस कमेटी रही। ओमकार ने रैली के दौरान शहर के मतदाताओं का जीत में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने के लिए आभार जताया। नवनिर्वाचित विधायक ओंकार साहू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी जीत के लिए कार्यकर्ताओं के संघर्ष और जनता से मिले आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार नहीं रहने के बाद जनता के साथ मिलकर कार्य करूंगा। विकास योजनाओं को पूरा किया जाएगा। हर कार्य जनता के अनुरूप कराये जाएंगे।

जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि सत्ता और संगठन के बेहतर समन्वय के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दिव्यांजन सलाहकार बोर्ड मोहन लालवानी, महापौर विजय देवांगन, विपिन साहू, पंकज महावर, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, आकाश गोलछा, ईश्वर देवांगन, अरविंद दोशी, विजय प्रकाश जैन, मनोज साहू, गजेंद्र कुंभकार, अमरदीप साहू, आशीष थिटे, जीवराखन देवांगन, घामेश्वरी साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, राजा देवांगन, नरेंद्र सोनवानी, हितेश गंगवीर, नीलमणि साहू, राजेश ठाकुर, ममता शर्मा, राजेश पांडे, आवेश हाशमी, कमलेश सोनकर, संजय डागौर, सूरज गहरवार, केंद्र पेंदरिया, अजय वर्मा, योगेश शर्मा, तनवीर कुरैशी, आशुतोष खरे, होरीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ने बोड़रा में गर्म कपड़े बांटे



**धमतरी।** दिसंबर माह में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। रोटरी क्लब ऑफ़ धमतरी व इनरव्हील क्लब द्वारा ग्राम बोड़रा में चयनित निर्धन ग्रामवासियों को नये कंबल एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब धमतरी अध्यक्ष अजय गोयल, सचिव आशीष गोयल, एजी नंदन दोषी, आईपीपी सलज अग्रवाल एवं डीजीएन अमित जायसवाल, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती पायल गोयल, पल्लवी जायसवाल, ऋतु लुनावत, पिंकी खंडेलवाल, श्रुति अग्रवाल, अनीता मित्तल, बिजल मेहता, कृष्णा अग्रवाल, माला महावर, सरिता अग्रवाल उपस्थित थे।







## आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा प्रेरणा योजना संचालित है। योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को सहायता राशि प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी एवं प्राध्यापक एवं खेल अधिकारी द्वारा दी गई।

डॉ. चौधरी ने बताया कि प्रेरणा योजना के तहत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं खेल अधिकारी द्वारा हर महीने सहायता राशि जमा की जाती है जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को सत्र में शैक्षणिक कार्यों के लिए सहायता प्रदान की जाती है। प्रेरणा योजना से छात्राएं कीर्ति ध्रुव, मोतिम, अंजलि, सिमरन साहू, बबीता साहू, शैलेन्द्री निषाद, प्रीति साहू, दुर्गा साहू लाभान्वित हुईं।

## खरेंगा के शिक्षक को दी गई विदाई



**पुरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरेंगा के प्रधानपाठक छेदनलाल साहू के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अमेरिका ध्रुव, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, प्रेमनारायण चक्रधारी, प्रधानपाठक डॉ नंद साहू, सुलोचना, माधुरी, शैल चौधरी, देवंतीन साहू, विनोद विश्वकर्मा, भगवती विश्वकर्मा, खूबलाल, फूलचद, चंदूराम साहू मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन देवा चक्रधारी ने किया।

डांगीमाचा व भटगांव में महिला बुनकर समिति का प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

## नारी सशक्तिकरण से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नवीन महिला हाथकरघा बुनकर सहकारी समिति मर्यादित भटगांव के तत्वावधान में ग्राम डांगीमाचा एवं भटगांव में नवीन महिला हथकरघा बुनकर सहकारी समिति के प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर ने किया। मौके पर जनपद सदस्य सुरेश मरकाम, बोधनसिंह ध्रुव सरपंच भटगांव, धानबाई कुर्रे सरपंच तुमराबहार भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आर्थिक गतिविधियां संचालित कर आर्थिक सुरक्षा की ओर अपना कदम बढ़ाएं। महिलाओं का समूह बनाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 15 सौ रुपये मानदेय का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत वस्त्र उत्पादन कर उनका विक्रय कर लाभ अर्जित कर सकते हैं।

इस अवसर पर परमात्मा कुंजाम उपसरपंच तुमराबहार, दीपक ध्रुव, राजेंद्र कुमार कोर्राम, दुर्गेश देवांगन, त्रिलोचन साहू, गजेंद्र नेताम एवं नवीन महिला हाथ करघा बुनकर समिति की अध्यक्ष दीप्ति देवांगन, ममता देवांगन, प्रबंधक हीरेश देवांगन एवं उपसंचालक श्री जोशी समेत बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्य उपस्थित थी।

